उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक/Ref. No.: 148/परीक्षा (ओ०)/2023-24 दिनांक/Date : 08.07.2023

<u>दिनांक 09.07.2023 को आयोजित होने वाली स्नातक स्तरीय परीक्षा के लिए जनपद देहरादून के परीक्षा केन्द्रों में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों के लिए संवाद–</u>

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा दिनांक 09 जुलाई, 2023 को प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक विभिन्न विभागों के स्नातक स्तरीय पदों के लिए लिखित प्रतियोगी परीक्षा संचालित की जा रही है।

सभी अभ्यर्थी अवगत है कि सामान्यतया आयोग द्वारा संचालित लिखित प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अभ्यर्थियों को दी जाने वाली ओ०एम०आर० शीट में 10 अंकों के अनुक्रमांक अंकित किये जाने की व्यवस्था होती है। आयोग द्वारा उक्त परीक्षा हेतु हरिद्वार जनपद में कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत हरिद्वार जनपद के अधिकांश अभ्यर्थियों के परीक्षा केन्द्र **देहरादून जनपद** में बनाये गये है, जिससे देहरादून जनपद के परीक्षा केन्द्रों की संख्या एक सौ से अधिक हो गयी है, इस कारण **देहरादून जनपद** के अभ्यर्थियों के अनुक्रमांक भी 11 अंकों के हो गये है। देहरादून जनपद के अभ्यर्थियों के 11 अंकों के अनुक्रमांक जारी होने के दृष्टिगत उन्हें लिखित परीक्षा के दौरान 02 ओ०एम०आर० शीट्स उपलब्ध होंगी, जिसमें से अभ्यर्थियों द्वारा 10 अंकों की अनुक्रमांक वाली ओ०एम०आर० शीट का प्रयोग नहीं किया जाना है बल्कि उक्त ओ०एम०आर० शीट को निरस्त करते हुए कक्ष निरीक्षकों को उपलब्ध कराया जाना है तथा **11 अंकों की अनुक्रमांक वाली ओ०एम०आर० शीट** का प्रयोग किया जाना है। **<u>यह व्यवस्था केवल देहरादून जनपद के परीक्षा केन्द्रों में लागू होगी।</u>**

(सुरेन्द्र सिंह रावत)
सचिव

उत्कृष्टता पारदर्शिता वस्तुनिष्ठा

निकट महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, एयरपोर्ट रोड़, देहरादून। टोल फ्री नं.–9520991174

Near Maharana Pratap Sports College, Airport Road, Raipur, Dehradun. Toll free No. 9520991174

Website : www.sssc.uk.gov.in, Email:chayanayog@gmail.com